पंजाब केसरी 07-03-2024

मतदान के लिए जागरूक करते डा. कृष्ण कुमार पुनिया व अन्य।

हम सभी को निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए : डा. कृष्ण कुमार पुनिया

अम्बाला, 6 मार्च (बलराम): जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला छावनी एन.एस.एस. यूनिट द्वारा कालेज परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसका विषय मतदान जागरूकता रहा। जिसके अंतर्गत विशेष व्याख्यान एवं नारा लेखन, विशेष सैल्फी का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष डा. कृष्ण कुमार पुनिया ने बताया कि सरकारों का सत्ता में रहना एवं सत्ताच्युत होना मतदान पर निर्भर करता है। हमें जाति विशेष, संप्रदाय विशेष, धर्म विशेष से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। जागरूक नागरिक ही जागरूक सरकार का चयन करता है और इस प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया हम सभी को निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है।

मतदान करके हमें अपने कर्तव्य का अनुपालन करना चाहिए। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि मतदान जागरूकता के बहुत से माध्यम है, लेकिन एन.एस.एस. इकाई अपनी महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि युवाओं को चाहिए कि वह अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें कि मतदान के समय किसी भी प्रलोभन में नहीं आना चाहिए और अपने विवेक से मतदान करना चाहिए। डा. सरोज ने बताया महिलाओं को भी अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर मतदान करना चाहिए।